प्रेषक,

अनिल कुमार पंचम,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट सं०-06, हरदोई।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हरदोई।

विषयः- **पत्रांक संख्या-3411/ IV h-16/Admin (A-4) Dated : 23-03-2022 के द्वारा चल-अचल संपत्ति का विवरण समय से न भेजने के बावत मांगे गए स्पष्टीकरण के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी का दुर्घटना में पैर फैक्चर हो जाने के कारण माह जनवरी 2021 से माह मार्च 2021 तक बाएं पैर में प्लास्टर लगा हुआ था तथा पैर में बराबर दर्द रहने और अस्वस्थ होने के कारण चल-अचल संपत्ति का विवरण समय से दाखिल नहीं कर सका। मेरे द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-2020 तथा 2020-2021 के संपत्ति का विवरण माननीय उच्च न्यायालय के ई-सर्विस पोर्टल पर भेज रहा हूं। मेरे द्वारा चल-अचल संपत्ति का विवरण समय से दाखिल न करने का मुख्य कारण शारीरिक अस्वस्थता रही है, जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं। भविष्य में ऐसी त्रुटि नहीं होगी।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2019-2020 तथा 2020-2021 के चल-अचल संपत्ति का विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष अवलोकन हेतु रखने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक 07-04-2022

भवदीय

अनिल 7.4.22

(अनिल कुमार पंचम)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं०-06,
हरदोई।

Digitally signed by Anil Kumar V
Date: 2022.04.07 15:36:29 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court